Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to include the Pratapgarh of Uttar Pradesh district in the list of most backward district and to set up industries, food park for its development.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक पिछड़े जनपदों में से एक जनपद प्रतापगढ़ है, जो पूरी तरह से उद्योग विहीन है । यह रोजगार विहीन जनपद है, जिसमें लगभग 30 वर्ष पूर्व स्थापित एकमात्र ए.टी.एल. फैक्ट्री पूरी तरह से समाप्त हो गई है । वहां शहर से लगी हुई सैकड़ों एकड़ भूमि वीरान पड़ी है ।

माननीय अध्यक्ष जी, स्थानीय स्तर पर एकमात्र मुख्य उत्पादन आंवला का होता है । आंवला उत्पादन करने वाले खेतिहर मजदूर भी अब अपने उत्पादन का सही मूल्य नहीं पाने के कारण अपने बगान को काट रहे हैं । उन्हें उत्पादन का मूल्य तो दूर, बल्कि खाने के भी लाले पड़े हुए हैं । दूसरी ओर बढ़ती महंगाई और खेती से किसी व्यावसायिक फसल का उत्पादन न होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अभाव के कारण युवा वर्ग रास्ते से भटक कर हथियार उठा रहे हैं । वहां आए दिन अपहरण, हत्या, फिरौती जैसी घटनाएं आम बात हो गई है । दुर्भाग्यवश देश के सर्वाधिक अपराध पीड़ित जनपदों में से प्रतापगढ़ आज अग्रिम पंक्ति में गिना जाता है । आज तक वहां हालात में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जा सका है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि प्रतापगढ़ की वर्तमान परिस्थितियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए, नौजवानों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतापगढ़ जनपद को नीति आयोग के सर्वाधिक पिछड़े जनपदों की सूची में सम्मिलित कराया जाए ।

प्रतापगढ़ जनपद में बड़े पावर प्लांट, खाद फैक्ट्री तथा आंवला आधारित फूड पार्क की स्थापना कराने की भी महती कृपा की जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।